दिन– शनिवार | दिनांक– 02 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। | अवधि 15 मिनट

---

01. भारत और नेपाल के बीच कोसी और गंडक परियोजना की संयुक्त समिति की बैठक संपन्न। दोनों देशों के बीच तकनीकी और प्रशासनिक मुद्दों को हल करने पर बनी सहमति।

02 मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने नगर, आवास और शहरी विकास योजनाओं की प्रगति पर समीक्षा बैठक कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

03. सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने संचार विशेषज्ञ प्रसून जोशी को भारत के लोक सेवा प्रसारक प्रसार भारती का अध्यक्ष नियुक्त किया।

04. और, प्रदेश में जनगणना– दो हजार सत्ताईस के पहले चरण के तहत मकान सूचीकरण और मकानों की गिनती का काम आज से शुरू।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की। यह मुलाकात पटना के सात, सर्कुलर रोड स्थित पर नीतीश कुमार के नए आवास पर हुई। लगभग आधे घंटे तक चली इस बैठक में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी भी मौजूद रहे। इस मुलाकात को कैबिनेट विस्तार से जोड़कर देखा जा रहा है।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज नगर, आवास और शहरी विकास योजनाओं पर समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान शहरी विकास से जुड़ी विभिन्न योजनाओं, आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण, स्वच्छता व्यवस्था, जलापूर्ति और आवास योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया गया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कार्यों में और तेजी लाने और पारदर्शिता सुनिश्चित बनाए रखने का निर्देश दिया।

वहीं, मुख्यमंत्री ने पटना के जे.पी. गंगा पथ के पास बन रहे पार्क और अन्य निर्माण कार्यों का भी जायजा लिया। इस अवसर पर प्रधान सचिव समेत कई वरीय अधिकारी मौजूद थे।

---

कोसी और गंडक परियोजना की संयुक्त समिति की ग्यारहवीं बैठक काठमांडू में आज सफलतापूर्वक संपन्न हो गयी। इस बैठक में दोनों देशों के बीच लंबे समय से चल रही कोसी और गंडक परियोजनाओं से संबंधित विभिन्न तकनीकी और प्रशासनिक चर्चाएँ की गईं। काठमांडू में हमारी संवाददाता श्वेता सिंह की रिपोर्ट...

——रिपोर्ट——

कोसी और गंडक परियोजना की संयुक्त समिति की बैठक में बाढ़ नियंत्रण, तटबंधों के रखरखाव, सिंचाई प्रबंधन, कटाव से सुरक्षा और सीमा पार जल मुद्दों पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व बिहार जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल ने किया, जबकि नेपाल का प्रतिनिधित्व जल संसाधन विभाग के महानिदेशक मित्रा बराल ने किया। बैठक में नेपाली प्रतिनिधिमंडल ने कोसी और गंडक परियोजना के मुख्य क्षेत्रों–जिनमें नहरें, बैराज क्षेत्र और तटबंध से अतिक्रमण हटाने पर सहमति जताई, ताकि परियोजनाओं का संचालन और रखरखाव सुचारू रूप से सुनिश्चित किया जा सके। वीरपुर क्षेत्र में कोसी अंचल में वर्ष 2026 की बाढ़ आने से पहले, दोनों पक्षों ने कटाव नियंत्रण कार्यों के लिए रेत, मिट्टी और गाद जैसी सामग्रियों के उपयोग पर सहमति व्यक्त की। इस बात पर भी सहमति बनी कि कोसी परियोजना के तहत पट्टे पर दी गई भूमि का सीमांकन GPS तकनीक का उपयोग करके और मौके पर जाकर (भौतिक रूप से) एक निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा कर लिया जाएगा। नेपाली पक्ष ने आश्वासन दिया कि बाढ़ के मौसम में, जब कोसी नदी का जल प्रवाह तेज़ होता है, तो स्थानीय नागरिकों द्वारा की जाने वाली लकड़ी कटाई, मछली पकड़ने और अन्य गतिविधियों के कारण कोसी बैराज के सामान्य संचालन में आने वाली बाधाओं को दूर किया जाएगा। भारत ने नेपाल में पश्चिमी कोसी मुख्य नहर और वाल्मीकिनगर गंडक बैराज के नहर कमान क्षेत्रों में जल निकासी और जलभराव से संबंधित मुद्दों का निरीक्षण करने और उन्हें हल करने पर सहमति जताई। समाचार कक्ष से कामिनी ठाकुर।

---

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली सरकार नीतीश कुमार की राह पर ही आगे बढ़ रही है। जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में श्री चौधरी ने कहा कि वर्तमान सरकार दो हजार पच्चीस से तीस के लिए किए गए नीतीश कुमार के वादे को पूरा करेगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में अल्पसंख्यक समाज के लिए विभिन्न कल्याणकारी कामों को पूरी इमानदारी से पूरा किया जा रहा है। ऐसे में किसी प्रकार के अनावश्यक भय या भ्रम की स्थिति में रहने की आवश्यकता नहीं है।

——साउंड बाइट——

---

जदयू अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार अपनी पहली राजनीतिक यात्रा की शुरुआत कल बेतिया से करेंगे। निशांत कुमार की इस यात्रा का नाम सद्भाव यात्रा रखा गया है। जदयू के प्रदेश प्रवक्ता नीरज कुमार ने आज बेतिया में में कहा कि दो दिवसीय इस यात्रा के दौरान निशांत कुमार पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद भी करेंगे।

——साउंड बाइट——

---

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस के लिए चार संसदीय समितियों का पुनर्गठन किया है। लोकसभा से भाजपा सांसद डॉ. संजय जायसवाल को लोकसभा के तीस सदस्यों वाली अनुमान समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

---

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने संचार विशेषज्ञ प्रसून जोशी को भारत के लोक सेवा प्रसारक प्रसार भारती का अध्यक्ष नियुक्त किया है। श्री जोशी अपने लोकप्रिय फिल्मी गीतों और विज्ञापनों के लिए देश भर में जाने जाते हैं। सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि उनके नेतृत्व में प्रसार भारती नई ऊर्जा, उद्देश्य और रचनात्मक शैली के साथ कार्य करेगा। श्री प्रसून जोशी केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

---

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव चंचल कुमार ने आज पटना में बिहार और झारखंड की विभिन्न मीडिया इकाईयों की समीक्षा बैठक की। इस बैठक में पत्र सूचना कार्यालय, केंद्रीय संचार ब्यूरो, आकाशवाणी और दूरदर्शन के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में श्री कुमार ने सभी मीडिया इकाईयों को बेहतर समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी मीडिया इकाईयों को डिजिटल मीडिया तकनीक का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करते हुए अपनी क्षमताओं को बढ़ाना चाहिए।

---

राज्य में जनगणना– दो हजार सत्ताईस के पहले चरण के तहत मकान सूचीकरण और मकानों की गिनती का काम आज से शुरू हो गया। पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर त्यागराजन एस.एम. ने दानापुर की बाटा फैक्ट्री के पास इस कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत की। वहीं, विभिन्न जिलों से हमारे संवाददाताओं ने भी जनगणना के पहले चरण का कार्य शुरू होने की जानकारी दी है। जनगणना कार्य–सह–नागरिक निबंधन की निदेशक रंजीता ने पटना में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि जनगणना का पहला चरण बेहद अहम है। उन्होंने लोगों से जनगणना के नाम पर सक्रिय स्कैमर्स से सतर्क रहने और किसी भी तरह की अफवाहों या भ्रामक जानकारी पर ध्यान नहीं देने की अपील की है।

––साउंड बाइट––

---

इधर, स्व–गणना के लिए दी गई पंद्रह दिन की पूर्व सूचना अवधि कल समाप्त हो गयी थी। गृह मंत्रालय के अनुसार, घर–घर जाकर गणना और आवासों की गिनती की प्रक्रिया तीस मई तक जारी रहेगी। इस दौरान प्रशिक्षित गणनाकर्ता घर–घर जाकर आवश्यक जानकारी एकत्र करेंगे। जो नागरिक स्वयं यह प्रक्रिया पूरी नहीं कर सके हैं, उनके विवरण अब गणनाकर्ताओं द्वारा घर–घर जाकर दर्ज किए जाएंगे। जनगणना दो हजार सत्ताईस का दूसरा चरण अगले वर्ष फरवरी में आयोजित किया जाना है।

---

केंद्र सरकार ने स्वदेशी तकनीक का उपयोग करते हुए नागरिकों को आपदा की तत्काल सूचना देने के लिए सेल ब्रॉडकास्ट सिस्टम शुरू किया है। इस प्रणाली का परीक्षण करने के लिए आज दोपहर करीब बारह बजे नागरिकों के मोबाइल पर सायरन के साथ एक सूचना भेजी गई। परीक्षण के दौरान संदेश में लिखा था– सतर्क नागरिक, सुरक्षित राष्ट्र। यह संदेश केवल परीक्षण के लिए था। एक रिपोर्ट...

––रिपोर्ट––

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इस संदेश से नागरिकों को घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। यह भारत की नई मोबाइल आधारित आपदा संचार प्रणाली का परीक्षण संदेश है। इसे दूरसंचार विभाग ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से सेल ब्रॉडकास्ट तकनीक का उपयोग करके विकसित किया है। श्री सिंधिया ने कहा कि भविष्य में, इसी प्रणाली के माध्यम से आपदा या आपात स्थिति में स्थानीय भाषा में और स्थान के अनुसार तत्काल अलर्ट भेजे जा सकेंगे। दूरसंचार विभाग ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह एक उन्नत सार्वजनिक चेतावनी प्रणाली है। आनंद की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से मुकेश कुमार बल।

---

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि वैश्विक ऊर्जा संकट के दौरान देश ने अपनी ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि दीर्घकालिक योजना ने संकट के प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। श्री पुरी ने कहा कि हमने अपने घरेलू उत्पादन में साठ प्रतिशत तक की वृद्धि की है।

––साउंड बाइट––

हमने अपने स्रोतों में विविधता लाई है। कच्चे तेल की खरीद अब 27 देशों से बढ़कर 41 देशों तक हो गई है। हमने मध्य पूर्व के अलावा अमरीका, नॉर्वे और अल्जीरिया से एलपीजी की खरीद शुरू कर दी है। भारत ने बहुत तेजी से प्रगति की है। रिफाइनरियों में एलपीजी उत्पादन को अधिकतम करने के लिए आदेश जारी किए गए हैं और हमने अपने घरेलू उत्पादन में 60ः की वृद्धि की है।

---

चक्रवाती हवा के प्रभाव से प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से रूक–रूक कर बारिश हो रही है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान कटिहार, पूर्णिया, पूर्वी और पश्चिम चंपारण के कुछ भागों में भारी बारिश दर्ज की गई। वहीं, राज्य के अन्य स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुयी है। सुपौल जिले में लगभग चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा भी चली। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के कुछ भागों में तेज हवा के साथ हल्की बारिश हो सकती है।

––साउंड बाइट––

---

मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने भागलपुर के पीरपैंती पावर प्लांट का दौरा कर निर्माण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि यह परियोजना राज्य की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के साथ क्षेत्र में रोजगार, औद्योगिक विकास और आर्थिक गतिविधियों को नई गति प्रदान करेगा।

---

अररिया पुलिस ने एनएच–सत्ताईस पर वाहन जांच के दौरान पश्चिम बंगाल के चार तस्करों को एक करोड़ रुपये मूल्य की मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है।

---

बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर की ओर से शैक्षणिक सत्र दो हजार छब्बीस–सत्ताईस के लिए विभिन्न खेल पाठ्यक्रमों में नामांकन की अंतिम तिथि को विस्तारित किया गया है। अब इच्छुक अभ्यर्थी पंद्रह मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. भारत और नेपाल के बीच कोसी और गंडक परियोजना की संयुक्त समिति की बैठक संपन्न। दोनों देशों के बीच तकनीकी और प्रशासनिक मुद्दों को हल करने पर बनी सहमति।

02 मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने नगर, आवास और शहरी विकास योजनाओं की प्रगति पर समीक्षा बैठक कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

03. सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने संचार विशेषज्ञ प्रसून जोशी को भारत के लोक सेवा प्रसारक प्रसार भारती का अध्यक्ष नियुक्त किया।

04. और, प्रदेश में जनगणना– दो हजार सत्ताईस के पहले चरण के तहत मकान सूचीकरण और मकानों की गिनती का काम आज से शुरू।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।